# विक्टोरिया के बाल सुरक्षा मानक (चाइल्ड सेफ स्टैन्डर्ड्स)


**सादी भाषा में सारांश**

**1**




आपका संगठन एबोरिजनल (आदिवासी) बच्चों का स्वागत करता है। आप उन्हें अपनी संस्कृति को व्यक्त करने और अपने अधिकारों का आनंद लेने के लिए उनकी सहायता करते हैं। आप रेसिज़म (नस्लवाद) नहीं होने देते हैं।

**2**



आपके संगठन में सभी स्तरों पर बच्चों की सुरक्षा सभी के लिए महत्वपूर्ण है। आप इस बात का दस्तावेजीकरण करते हैं कि आप बाल शोषण या नुकसान के जोखिमों का कैसे पता लगाते हैं, इनसे कैसे बचते हैं, और इन्हें कैसे रोकते हैं।

**3**




आपका संगठन बच्चों को शोषण से सुरक्षित रहने, सूचित रहने और शामिल होने के उनके अधिकारों को जानने में सहायता करता है। आप उन्हें खुलकर बात करने और उन्हें प्रभावित करने वाले फैसलों में भाग लेने में उनकी सहायता करते हैं।

**4**

आपका संगठन परिवारों और समुदाय को बताता है कि आप क्या करते हैं, और आप बच्चों को नुकसान और दुर्व्यवहार से कैसे सुरक्षित रखते हैं। आप परिवारों को अपनी बात कहने और अपनी संतान को प्रभावित करने वाले निर्णयों में भाग लेने में मदद करते हैं।



**5**



आपका संगठन समझता है कि हर बच्चा अलग होता है और उसकी अलग-अलग ज़रूरतें होती हैं। आप सुनिश्चित करते हैं कि वे अपने लिए आवश्यक जानकारी और सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

**6**

कर्मचारियों को यह जानकारी है कि बच्चों को शोषण और नुकसान से सुरक्षित रखने के लिए उन्हें क्या करना होगा। जब आवश्यक हो तब वे बाल सुरक्षा के बारे में जानकारी रिकॉर्ड, रिपोर्ट और साझा करते हैं। बच्चों के साथ काम करने वाले कर्मचारियों की उनके लिए आवश्यक पृष्ठभूमि जांच (बैकग्राउंड चैक) की गई है।



**7**

बच्चों और उनके परिवारों को पता है कि शिकायत कैसे करनी है और शिकायत किए जाने पर क्या होता है। आपके कर्मचारी जानते हैं कि शिकायतों पर ठीक से जवाब कैसे देना है।



**8**



आपका संगठन बच्चों को दुर्व्यवहार और नुकसान से सुरक्षित रखने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित और समर्थित करता है। आपके कर्मचारियों को बाल दुर्व्यवहार और नुकसान के संकेतों की जानकारी है और उन्हें पता है कि दुर्व्यवहार तथा नुकसान से जुड़ी समस्याएँ होने पर क्या करना है।


**9**

आपका संगठन सुनिश्चित करता है कि बच्चे उस स्थिति में सुरक्षित होते हैं जब वे आपकी सेवाओं, सेटिंग्स (परिवेशों) और गतिविधियों का उपयोग करते हैं। इसमें वह स्थिति भी शामिल है जब बच्चे ऑनलाइन होते हैं।



**10**

आपका संगठन उन तरीकों की जाँच करता है और उनमें सुधार करता है जिनका प्रयोग करके आप बच्चों को शोषण और नुकसान से सुरक्षित रखते हैं।



**11**

आपके संगठन के पास इस बारे में लिखित नीतियाँ हैं कि आप बच्चों को दुर्व्यवहार और नुकसान से कैसे सुरक्षित रखना है। इन्हें समझना आसान है, और सभी कर्मचारी उनका अनुपालन करते हैं।




और अधिक जानकारी के लिए, बच्चों और युवा लोगों के आयोग (Commission for Children and Young People) से संपर्क करें

**www.ccyp.vic.gov.au**

COMMISSION FOR CHILDREN AND YOUNG PEOPLE